भारत स्काउट्स एवं गाइड्स
राष्ट्रीय मुख्यालय

पता : लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इंद्रप्रस्थ एस्टेट, नईदिल्ली–110002

वेबसाइट : www.bsgindia.org ईमेल आईडी: info@bsgindia.org दूरभाष:+91-11-23370126, 23378667

प्रति,

समस्त राज्य सचिव

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ

भारतीय संघ

परिपत्र संख्या : 146/2020

दिनांक : 27 अक्टूबर , 2020

विषय :–भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थापना दिवस (7 नवम्बर, 2020) के अवसर पर राष्ट्रव्यापी रक्तदान शिविर ।

महोदय/महोदया,

हमें आपको यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स 07 नवम्बर, 2020 को अपना 70वॉ स्थापना दिवस बहुमुखी कार्यक्रम के साथ मनाने जा रहा है। समारोहों के भाग के रुप में, हमने 07 नवम्बर, 2020 (शनिवार) को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक सम्पूर्ण देश में दल/स्थानीय/जिला/राज्य स्तर पर रक्तदान शिविर आयोजित करने की योजना बनाई है।

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी हमें रक्तदान शिविर आयोजित करने में मदद करती है एवं रक्तदान शिविरों के दौरान सभी सुरक्षा सावधानियों का पालन करती है। आपसे अनुरोध है कि अपने राज्य में इस सूचना को जमीनी स्तर तक प्रसारित करने की कृपा करें।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिलों के अधिकारी इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के स्थानीय कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है और अपने स्तर पर रक्तदान शिविर आयोजित करने की व्यवस्था कर सकते है। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के जिलों एवं उनके नोडल अधिकारियों के सम्पर्क विवरण आपके सुलभ सन्दर्भ हेतु इस परिपत्र के साथ संलग्न है। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी मुख्यालय द्वारा इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सभी जिला मुख्यालयों को इस उद्देश्य हेतु भारत स्काउट्स एवं गाइड्स को सहयोग प्रदान करने हेतु उन्हें सूचित किया जा चुका है।

सभी सम्बन्धितों से अनुरोध है कि वे कोविड–19 के इस संकट काल में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थापना दिवस के अवसर पर इस राष्ट्रव्यापी रक्तदान शिविर को एक भव्य आयोजन बनाएं।

सधन्यवाद,

भवदीय,

(अरुप सरकार)

उप–निदेशक (स्काउट)

प्रतिलिपि :–

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय ।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेल्वे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली ।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, **18** इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–**110016**
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–**15**, सेक्टर–**62**, नोएडा, उत्तर प्रदेश–**201309**
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ।
6. समस्त सहायक निदेशक, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, क्षेत्रीय मुख्यालयों को अनुसरण हेतु।